# UPSSSC PET 28 Oct 2023 1st Shift Answer Key

1\. शिवाजी की मृत्यु के बाद, मराठा राज्य में प्रभावी शक्ति चितपावन ब्राह्मणों के एक परिवार के पास थी, जिन्होंने शिवाजी के उत्तराधिकारियों को पेशवा (या प्रधान मंत्री) के रूप में सेवा दी थी, कौन सा शहर मराठा साम्राज्य की राजधानी बन गया?
(A) सतारा (B) नागपुर
(C) नासिक (D) पूना (पुणे)
After Shivaji's death, effective power in the Maratha state was wielded by a family of Chitpavan Brahmanas who served Shivaji's successors as Peshwa (or principal minister), which city became the capital of the Maratha kingdom ?
(A) Satara (B) Nagpur
(C) Nashik (D) Poona (Pune)

2\. महावीर स्वामी को "जिन" के नाम से जाना जाने लगा, "जिन" का क्या अर्थ है?
(A) विजेता (B) महान आत्मा
(C) भगवान (D) अहिंसक
Mahavir Swami became known as "Jina", what does "Jina" mean ?
(A) The Conqueror (B) The great soul
(C) The God (D) Non-violent

3\. जैसा कि अशोक के शिलालेखों में उल्लेख किया गया है, मौर्य साम्राज्य में राजधानी पाटलिपुत्र और अन्य चार प्रांतीय केंद्रों सहित पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे। निम्नलिखित में से कौन सा प्रांतीय केंद्र नहीं था ?
(A) तक्षशिला (B) उज्जयिनी
(C) सुवर्णगिरि (D) इंद्रप्रस्थ
As mentioned in Asokan inscriptions, there were five major political centres in the Mauryan empire including the capital Pataliputra and other four provincial centres. Which among the following was not the provincial centre ?
(A) Taxila (B) Ujjaiyini
(C) Suvarnagiri (D) Indraprastha

4\. ऋग्वेद में विश्वामित्र नामक एक ऋषि और किन दो नदियों के बीच संवाद है?
(A) सतलुज और चिनाब (B) व्यास और सतलुज
(C) चिनाब और रावी (D) व्यास और झेलम
Rigveda contains dialogue between a sage named Vishvamitra and which two rivers ?
(A) Sutlej and Chenab
(B) Beas and Sutlej
(C) Chenab and Ravi
(D) Beas and Jhelum

5\. 1722 में, ____ की सूबेदारी सवाई राजा जयसिंह को दी गई थी।
(A) आमेर (B) मालवा
(C) लखनऊ (D) आगरा
In 1722, the subadari of ____ was given to Sawai Raja Jai Singh.
(A) Amber (B) Malwa
(C) Lucknow (D) Agra

6\. निम्नलिखित में से किसने अपने सहयोगियों को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया था कि संविधान सभा ब्रिटिश निर्मित थी और "ब्रिटिश योजनाओं पर काम कर रही थी जैसा कि ब्रिटिश चाहते थे कि इस पर काम किया जाए।"?
(A) सरदार वल्लभभाई पटेल
(B) सी. राजगोपालाचारी
(C) अब्दुर निश्तार
(D) सोमनाथ लाहिड़ी
Who among the following had exhorted his colleagues to realise that the Constituent Assembly was British-made and was "working on the British plans as the British liked it to be worked out" ?
(A) Sardar Vallabhbhai Patel
(B) C. Rajagopalachari
(C) Abdur Nishtar
(D) Somnath Lahiri

7\. चित्तरंजन दास और मोतीलाल नेहरू ने परिषद राजनीति में वापसी पर बहस करने के लिए कांग्रेस के भीतर निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल का गठन किया था ?
(A) दि इंडियन लीग
(B) स्वराज पार्टी
(C) हिंदुस्तान सोशियलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन
(D) दि बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन
Chittaranjan Das & Motilal Nehru had formed which of the following political parties within the Congress to argue for a return to council politics ?
(A) The Indian League
(B) Swaraj Party
(C) Hindustan Socialist Republic Association
(D) The Bombay Presidency Association

8. कांग्रेस का वह अधिवेशन कहाँ हुआ था जिसमें महात्मा गाँधी ने अन्य नेताओं को खिलाफत के साथ-साथ स्वराज के समर्थन में असहयोग आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त किया था ?
(A) बॉम्बे (B) लाहौर
(C) कलकत्ता (D) नागपुर
Where was the session of the Congress had taken place in which Mahatma Gandhi convinced other leaders about the need to start a non-cooperation movement in support of Khilafat as well as swaraj ?
(A) Bombay (B) Lahore
(C) Calcutta (D) Nagpur

9. निम्नलिखित में से कौन "खुदाई खिदमतगार" का संस्थापक था और जिसे बादशाह खान के नाम से भी जाना जाता है?
(A) सैयद अहमद खान
(B) हकीम अजमल खान
(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
(D) खान अब्दुल गफ्फार खान
Who among the following was the founder of the "Khudai Khidmatgars" and is also known as Badshah Khan ?
(A) Syed Ahmed Khan
(B) Hakim Ajmal Khan
(C) Maulana Abul Kalam Azad
(D) Khan Abdul Ghaffar Khan

10. 1913 में हिंदुस्तान गदर पार्टी का मुख्यालय _____ में स्थित था।
(A) दिल्ली (B) लाहौर
(C) कलकत्ता (D) सैन फ्रांसिस्को
The Hindustan Gadar Party's headquarter was located at ____ in 1913.
(A) Delhi (B) Lahore
(C) Calcutta (D) San Francisco

11. शिरुई (सिरोय) कुमुदिनी/लिली भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाई जाने वाली एकमात्र स्थलीय कुमुदिनी/लिली है ?
(A) असम (B) पश्चिम बंगाल
(C) मणिपुर (D) त्रिपुरा
Shirui (Siroy) Lilly is the only terrestrial Lilly found in which of the following states of India ?
(A) Assam (B) West Bengal
(C) Manipur (D) Tripura

12. "उड़िया पठार" भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?
(A) राजस्थान (B) मध्य प्रदेश
(C) कर्नाटक (D) महाराष्ट्र
"Oriya Plateau" is situated in which of the following states of India ?
(A) Rajasthan (B) Madhya Pradesh
(C) Karnataka (D) Maharashtra

13. शीत ऋतु की शुरुआत में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा का क्या कारण है ?
(A) उत्तर-पूर्वी वर्षाऋतु (मानसून)
(B) स्थानीय वायु परिसंचरण
(C) शीतोष्ण चक्रवात
(D) दक्षिण-पश्चिम वर्षा ऋतु (मानसून)
What causes rainfall on the coastal areas of Tamil Nadu in the beginning of winters ?
(A) North-Eastern Monsoon
(B) Local Air Circulation
(C) Temperate Cyclones
(D) South-West Monsoon

14. राजस्थान के जालौर जिले में किस प्रकार का ग्रेनाइट पाया जाता है ?
(A) राखी ग्रीन ग्रेनाइट
(B) मेरी गोल्ड ग्रेनाइट
(C) काला ग्रेनाइट
(D) रोज़ी पिंक (गुलाबी) ग्रेनाइट
Which type of granite is found in Jalore district of Rajasthan ?
(A) Rakhee Green Granite
(B) Merry Gold Granite
(C) Black Granite
(D) Rosy Pink Granite

15. पुर्तगालियों द्वारा निर्मित बंदेल चर्च भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?
(A) गोवा (B) पुडुचेरी
(C) पश्चिम बंगाल (D) ओडिशा
Bandel Church constructed by Portuguese is located in which of the following states/UTs of India ?
(A) Goa (B) Puducherry
(C) West Bengal (D) Odisha

16. गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP) को कौन मंजूरी देता है?
(A) विपणन और निरीक्षण निदेशालय, कृषि मंत्रालय
(B) राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर
(C) आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति
(D) कृषि लागत और मूल्य आयोग

Who approves the Fair and Remunerative Price (FRP) of sugarcane?
(A) Directorate of Marketing and Inspection, Ministry of Agriculture
(B) The National Sugar Institute, Kanpur
(C) Cabinet Committee on Economic Affairs
(D) Commission for Agricultural Costs and Prices

17. निम्नलिखित में से कौन सा एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है, जिसका उद्देश्य "काम करने का अधिकार"(राइट टू वर्क) की गारंटी देना है?
(A) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम
(B) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
(C) वेतन भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 2017
(D) नागरिकता अधिनियम

Which of the following is an Indian Labour Law and Social Security measure aimed at guaranteeing the "Right to work"?
(A) Indian Institute of Management Act
(B) Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act
(C) The Payment of Wages (Amendment) Act, 2017
(D) Citizenship Act

18. "स्वर्ण क्रांति" भारत में निम्नलिखित में से किस कृषि क्षेत्र में विकास के लिए जिम्मेदार है?
(A) बागवानी (B) आलू उत्पादन
(C) पेट्रोलियम उत्पादन (D) तिलहन उत्पादन

"Golden Revolution" is responsible for the development in which of following agriculture sector in India?
(A) Horticulture
(B) Potato Production
(C) Petroleum Production
(D) Oil seed Production

19. बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(A) मुंबई (B) नई दिल्ली
(C) चेन्नई (D) हैदराबाद

Where is the head office of Insurance Regulatory & Development Authority located?
(A) Mumbai (B) New Delhi
(C) Chennai (D) Hyderabad

20. निम्नलिखित में से कौन सा डिपॉजिटरी संस्थान का एक प्रकार नहीं है?
(A) नाबार्ड (NABARD)
(B) ऋण संघ (लोन एसोसिएशन)
(C) वाणिज्यिक बैंक (कमर्शियल बैंक्स)
(D) क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज़

Which of the following is not a type of Depository Institution?
(A) NABARD
(B) Loan Association
(C) Commercial Banks
(D) Credit Co-operative Societies

21. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के पारित होने के साथ भारत एक अधिराज्य बन गया और अधिराज्य विधानमंडल ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 की किस धारा के प्रावधानों के तहत 1947 से 1949 तक कानून बनाए?
(A) धारा 100 (B) धारा 101
(C) धारा 135 (D) धारा 130

With the passing of the Indian Independence Act 1947 India became a Dominion and the Dominion Legislature made laws from 1947 to 1949 under the provisions of which section of the Government of India Act 1935?
(A) Section 100 (B) Section 101
(C) Section 135 (D) Section 130

22. एक व्यक्ति जो संसद का सदस्य नहीं है, उसे राष्ट्रपति द्वारा अधिकतम कितने महीनों के लिए मंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है?
(A) 3 महीने (B) 6 महीने
(C) 9 महीने (D) 12 महीने

A person who is not a member of Parliament can be appointed as a Minister by the President for a maximum period of how many months?
(A) 3 months (B) 6 months
(C) 9 months (D) 12 months

23. उस उच्च न्यायालय का नाम बताइए, जिसका क्षेत्राधिकार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के केंद्रशासित प्रदेश पर है।

(A) कलकत्ता उच्च न्यायालय
(B) दिल्ली उच्च न्यायालय
(C) मद्रास उच्च न्यायालय
(D) आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय

Name the high court that has jurisdiction over the Union Territory of the Andaman and Nicobar Islands.

(A) The Calcutta High Court
(B) The Delhi High Court
(C) The Madras High Court
(D) The Andhra Pradesh High Court

24. पंचायती राज संस्थाओं के अस्तित्व के लिए भारत की संसद द्वारा 73वाँ और 74वाँ संवैधानिक संशोधन कब पारित किया गया ?

(A) अक्टूबर, 1973 (B) नवंबर, 1952
(C) दिसंबर, 1992 (D) दिसंबर, 1973

When 73rd and 74th Constitutional amendments were passed by the Parliament of India for the existence of Panchayati Raj Institutions ?

(A) October, 1973 (B) November, 1952
(C) December, 1992 (D) December, 1973

25. वर्ष 1928 में मोतीलाल नेहरू समिति द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम/विधेयक प्रस्तावित किया गया था ?

(A) इल्बर्ट बिल
(B) अधिकारों का बिल
(C) आपराधिक जनजाति अधिनियम
(D) सिंध भूमि उड्डयन विधेयक

Which among the following acts/bills were proposed by the Motilal Nehru Committee in the year 1928 ?

(A) Ilbert Bill
(B) Bill of rights
(C) Criminal Tribes Act
(D) Sindh Land Aviation Bill

26. स्वरयंत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) इसमें स्वर रज्जु होते हैं।
(B) यह एक हड्डीदार बक्सा है।
(C) यह श्वासनली में आक्रमण करने वाले रोगजनकों को रोकता है।
(D) यह उपास्थि से बना एक अंग है और ग्रसनी को श्वासनली से जोड़ता है।

Which one of the following is correct regarding larynx ?

(A) It houses the vocal cords.
(B) It is a bony box.
(C) It prevents the invading pathogens into the trachea.
(D) It is an organ made of cartilage and connects the pharynx to the trachea.

27. मिल्क ऑफ मैग्नीशिया किस प्रकार का कोलाइड है ?

(A) घन सोल (B) सोल
(C) एरोसोल (D) इमल्शन

Milk of Magnesia is which type of colloid ?

(A) Solid Sol (B) Sol
(C) Aerosol (D) Emulsion

28. निम्नलिखित में से कौन सा कार्बनिक यौगिक मानव शरीर में प्रोटोप्लाज्म को जमा देता है ?

(A) मेथैनोइक एसिड (B) इथैनॉल
(C) मेथैनॉल (D) प्रोपेनॉन

Which of the following organic compound coagulates the protoplasm in the human body ?

(A) Methanoic Acid (B) Ethanol
(C) Methanal (D) Propanone

29. निम्नलिखित में से कौन सा आंतरिक सौर मंडल में स्थित एकमात्र बौना ग्रह है ?

(A) मेकमेक (B) सेरेस
(C) प्लूटो (D) हौमिया

Which of the following is the only Dwarf planet located in the inner Solar System ?

(A) Makemake (B) Ceres
(C) Pluto (D) Haumea

30. बिछुआ (नेटल) की पत्तियों के चुभने वाले बालों में निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल मौजूद होता है ?
(A) मेथैनोइक अम्ल (B) एथैनोइक अम्ल
(C) ऑक्सालिक अम्ल (D) एस्कॉर्बिक अम्ल
Which of the following acids is present in the stinging hair of nettle leaves ?
(A) Methanoic Acid (B) Ethanoic Acid
(C) Oxalic Acid (D) Ascorbic Acid

31. इंग्लैंड-न्यूजीलैंड वन डे मैच में बारिश के कारण इंग्लैंड को जीत के लिए 48 ओवर में 324 रन चाहिए थे । शुरुआती 10 ओवर में औसत स्कोरिंग रेट 6 था, लेकिन अगले 10 ओवर में यह बढ़कर 8.5 हो गया । इसके बाद अगले 10 ओवर में यह गिरकर 5.5 पर आ गया और अगले 10 ओवर में फिर बढ़कर 7 पर पहुँच गया । अब मैच जीतने के लिए किस औसत की जरूरत है ?
In the England-New Zealand one day match, due to rain, England needed 324 runs in 48 overs to win. In initial 10 overs, the average scoring rate was 6, but in next 10 overs it increased to 8.5. It then declined to 5.5 in next 10 overs and again rose to 7 in next 10 overs. To win the match now what average is needed ?
(A) 8.25
(B) 6.75
(C) 7.75
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

32. निम्नलिखित में से कौन सा अवरोही क्रम में है ?
Which of the following is in descending order ?
(A) 5/8; 9/13; 11/17
(B) 5/8; 11/17; 9/13
(C) 9/13; 11/17; 5/8
(D) 11/17; 9/13; 5/8

33. $\frac{0.081}{0.0064} \times \frac{0.484}{6.25} \times \frac{2.5}{21.1}$ का वर्गमूल है :
Square root of $\frac{0.081}{0.0064} \times \frac{0.484}{6.25} \times \frac{2.5}{21.1}$ is :
(A) 0.45 (B) 0.34 (C) 0.75 (D) 0.55

34. $(8^{-1} - 9^{-1})^{-1} \div (4^{-1} - 9^{-1})^{-1}$ का मान है :
The value of $(8^{-1} - 9^{-1})^{-1} \div (4^{-1} - 9^{-1})^{-1}$ is :
(A) 20 (B) 25 (C) 15 (D) 10

35. दिव्या अपने मासिक वेतन का 24% भोजन पर और 15% अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करती है । शेष वेतन में से वह 25% मनोरंजन पर और 20% परिवहन पर खर्च करती है । अब उसके पास ₹ 10,736 बचे हैं । दिव्या का मासिक वेतन कितना है ?
Divya spends 24% of her monthly salary on food and 15% on the education of her children. Of the remaining salary, she spends 25% on entertainment and 20% on conveyance. She is now left with ₹ 10,736. What is the monthly salary of Divya ?
(A) ₹ 32,000 (B) ₹ 30,200
(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 32,500

36. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विलोम-युग्म सही नहीं है ?
(A) औचक- अकसर
(B) डाँवाँडोल – अस्थिर
(C) झिड़कना – पुचकारना
(D) ग़ाफिल – ख़बरदार

37. 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से क्या है ?
(A) होनहार व्यक्ति सदा दिखावा करता है ।
(B) होनहार व्यक्ति हमेशा दूसरों के दोष निकालता है ।
(C) होनहार व्यक्ति बहुत ही परिश्रम करता है ।
(D) होनहार व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है ।

38. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं ?
(A) संचार, पालन, ग्रीवा
(B) मनुष्यत्व, बनावट, रौनक
(C) पतलून, झल्लाहट, अक्षुण्णता
(D) प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह

39. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?
(A) महादेवी छायावादी कवयित्रि है ।
(B) जब भी आप आओ, मुझे मिलें ।
(C) आपका दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया ।
(D) रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा ।

40. 'कलम के जादूगर' किसे कहा गया है ?
(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) सुमित्रानंदन पंत
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) मुंशी प्रेमचंद

41. Choose the antonym of underlined word from the given options :
He is very fastidious about his choice of food.
(A) Careful (B) Thoughtless
(C) Careless (D) Indiscreet

42. Put the correct form of the verb :
I am the person who ________ to be blamed.
(A) am (B) are
(C) is (D) were

43. Which of the following spellings is incorrect ?
(A) Journey (B) Amateur
(C) Beneficiary (D) Aniversary

**Read the following paragraph and answer the following questions : (Q. 44 and 45)**

India is marked by a diversity of physical features such as mountains, plateaus, plains, coasts and islands. Standing as sentinels in the north are the lofty snow-capped Himalayas. Him+alaya mean 'the abode of snow'. The Himalayan mountains are divided into three main parallel ranges. The northernmost is the Great Himalaya or Himadri. The world's highest peaks are located in this range. Middle Himalaya or Himachal lies to the south of Himadri. Many popular hill stations are situated here. The Shiwalik is the southernmost range. The northern Indian plains lie to the south of the Himalayas. They are generally level and flat. These are formed by the alluvial deposits laid down by the rivers – The Indus, The Ganga, The Brahmaputra and their tributaries. These river plains provide fertile land for cultivation. That is the reason for high concentration of population in these plains.

44. World's highest peaks are located in the ________
(A) Shiwalik range
(B) Himadri range
(C) Middle Himalaya
(D) Southernmost range

45. Northern Indian plains are rich in
(A) Alluvial deposits
(B) Iron ore deposits
(C) Diamond mines
(D) Copper deposits

46. एक निश्चित कूट भाषा में, '@' '+' को दर्शाता है, '⊕' '–' को दर्शाता है, 'α' '÷' को दर्शाता है और 'θ' '×' को दर्शाता है ।
In a certain code language, '@' represents '+', '⊕' represents '–', 'α' represents '÷' and 'θ' represents '×'.
निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर खोजें :
Find out the answer to the following question :
8900 α 100 ⊕ 5 θ 4 ⊕ 121 α 11 = ?
(A) 58 (B) 158
(C) 62 (D) 205

47. संख्याओं के दिए गए क्रम में से गलत संख्या ज्ञात कीजिए :
Find out the wrong number in the given sequence of numbers :
582, 605, 588, 611, 634, 617, 600
(A) 611 (B) 605
(C) 600 (D) 634

48. 17 जून, 1998 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?
(A) सोमवार (B) गुरुवार
(C) बुधवार (D) मंगलवार
What was the day of the week on 17th June, 1998 ?
(A) Monday (B) Thursday
(C) Wednesday (D) Tuesday

49. यदि A + B का अर्थ है कि A, B की माँ है; A – B का अर्थ है कि A, B का भाई है; A % B का अर्थ है कि A, B का पिता है और A × B का अर्थ है कि A, B की बहन है, निम्नलिखित में से कौन सा दर्शाता है कि P, Q का मामा है ?
If A + B means A is the mother of B; A – B means A is the brother of B; A % B means A is the father of B and A × B means A is the sister of B, which of the following shows that P is the maternal uncle of Q ?
(A) Q – N + M × P (B) Q – S % P
(C) P + S × N – Q (D) P – M + N × Q

50. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों । निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से सामान्य ज्ञात तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए दिए गए दो कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं ।

**कथन :** सभी डंडे बंदूकें हैं । कुछ नावें डंडे नहीं हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. सभी बंदूकें नावें हैं ।

II. कुछ नावें बंदूकें नहीं हैं ।

(A) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।

(B) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।

(C) यदि या तो I या II अनुसरण करता है ।

(D) यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है ।

In the question below two statements followed by two conclusions numbered I and II are given. You have to take the given two statements to be true even if they seem to be at variance from commonly known facts. Read the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follows from the two given statements, disregarding commonly known facts.

**Statements :** All poles are guns. Some boats are not poles.

**Conclusions :**

I. All guns are boats.

II. Some boats are not guns.

(A) If only conclusion I follows.

(B) If only conclusion II follows.

(C) If either I or II follows.

(D) If neither I nor II follows.

51. हाल ही में, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने इंग्लैंड के मर्सीसाइड में रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में संयुक्त आठवें स्थान पर रहने के बाद ओपन में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किया है । उन्हें किस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?

Recently, Shubhankar Sharma, Indian golfer has recorded the best result at the Open after finishing in tied-eighth position at the Royal Liverpool Golf Club in Merseyside, England. In which year he was conferred the Arjuna Award ?

(A) 2016
(B) 2018
(C) 2020
(D) 2022

52. भारत सरकार द्वारा संचालित निम्नलिखित में से कौन सा निगम "एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप" (ATFSG) में शामिल होने वाला पहला सदस्य बन गया है ?

(A) इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

(B) औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड (इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)

(C) राष्ट्रीय आवास बैंक (नेशनल हाउसिंग बैंक)

(D) पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

Which among the following Government of India undertaken Corporation has become the first member to join "Asia Transition Finance Study Group" (ATFSG) ?

(A) India Infrastructure Finance Company Limited

(B) Industrial Finance Corporation Limited

(C) National Housing Bank

(D) Power Finance Corporation Limited

53. गुरुग्राम में स्टार्टअप-20 के समापन समारोह के दौरान, भारत ने आधिकारिक तौर पर वर्ष 2024 के लिए निम्नलिखित में से किस देश को मशाल सौंपी ?

(A) फ्रांस
(B) कनाडा
(C) ब्राजील
(D) जर्मनी

During the closing ceremony of Startup-20 at Gurugram, India officially handed over the torch to which among the following countries for the year 2024 ?

(A) France
(B) Canada
(C) Brazil
(D) Germany

54. भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ द्वारा कौन सा पोर्टल लॉन्च किया गया है जो अधिवक्ताओं, वादियों, नागरिकों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रवेश के लिए क्यूआर कोड-आधारित ई-पास का अनुरोध करने की अनुमति देता है ?

Which portal is launched by Chief Justice of India (CJI) D.Y. Chandrachud that allows advocates, litigants, citizens to request QR code-based e-passes to enter in the Supreme Court of India ?

(A) सुअभिवादन / SuAbhivadan

(B) सुस्वागतम् / SuSwagatam

(C) सुप्रणाम / SuPranam

(D) सुसत्कार / SuSatkar

55. हाल ही में, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने भारत में 3.5 टन तक के वाहनों के लिए वाहन सुरक्षा मानकों को बढ़ाकर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से भारत एनसीएपी (NCAP) लॉन्च किया । NCAP का पूर्ण रूप बताइये ।

(A) न्यू कार असेसमेंट प्रोडक्शन
(B) न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम
(C) न्यू कार एकनॉलेज प्रोडक्शन
(D) न्यू कार असेसमेंट पोर्टल

Recently, Union Minister of Road Transport and Highways Shri Nitin Gadkari launched the Bharat NCAP aiming to enhance road safety by elevating vehicle safety standards for up to 3.5-tonne vehicles in India. Give full form of NCAP.

(A) New Car Assessment Production
(B) New Car Assessment Programme
(C) New Car Acknowledge Production
(D) New Car Assessment Portal

56. अगले दशक में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने के लिए भारत-अमेरिका टास्क फोर्स की स्थापना की गई है ?

(A) दवा (B) अंतरिक्ष
(C) कंप्यूटर विज्ञान (D) इलेक्ट्रॉनिक्स

Indo-US task force has been set up to elevate trade in which of the following sector to $100 billion in next decade ?

(A) Medicine
(B) Space
(C) Computer Science
(D) Electronics

57. विश्व का पहला 7 मिनट का कैंसर उपचार 'टीका' किस देश में शुरू किया जाएगा ?

(A) इंग्लैंड (B) यू.एस.ए.
(C) यू.ए.ई. (D) चीन

World's first 7-minute cancer treatment "jab" to be rolled out in which country ?

(A) England (B) U.S.A.
(C) U.A.E. (D) China

58. मध्य प्रदेश में लागू "मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना" में महिलाओं के लिए आयु सीमा क्या है ?

(A) आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 21 वर्ष पूरे कर लिए हों और 60 वर्ष से कम हों ।
(B) आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 21 वर्ष पूरे कर लिए हों और 58 वर्ष से कम हों ।
(C) आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 23 वर्ष पूरे कर लिए हों और 60 वर्ष से कम हों ।
(D) आवेदन के कैलेंडर वर्ष में 01 जनवरी को 18 वर्ष पूरे कर लिए हों और 65 वर्ष से कम हों ।

What is the age limit for females in "Mukhyamantri Ladli Behna Yojana" implemented in Madhya Pradesh ?

(A) Must have completed 21 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 60 years.
(B) Must have completed 21 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 58 years.
(C) Must have completed 23 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 60 years.
(D) Must have completed 18 years as on 01 January in the calendar year of application and less than 65 years.

59. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने "वर्ष के सूक्ष्म परियोजना" के लिए PMI दक्षिण एशिया पुरस्कार जीता । यह परियोजना निम्नलिखित में से किस जानवर के जीवन को बचाने के लिए "इंस्ट्रक्शन डिटेक्शन सिस्टम" है ?

(A) बकरी (B) हाथी (C) भेड़ (D) कुत्ता

Northeast Frontier Railway, bags PMI South Asia Award for "Micro Project of the Year". This Project is "Instruction Detection System" to save life of which of the following animals ?

(A) Goat (B) Elephant (C) Sheep (D) Dog

60. हाल ही में भारतीय वायु सेना (IAF) की पश्चिमी वायु कमान द्वारा शुरू किए गए वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास का नाम बताइए ।

Name the annual training exercise embarked by Western Air Command of Indian Air Force (IAF) recently.

(A) स्वस्तिक/Swastik (B) शंख / Shankh
(C) तांडव /Tandav (D) त्रिशूल / Trishul

61. "मेनम वन्यजीव अभयारण्य" भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?

(A) लद्दाख (B) जम्मू और कश्मीर
(C) सिक्किम (D) असम

"Maenam Wildlife Sanctuary" is situated in which of the following State/UTs of India ?

(A) Ladakh (B) Jammu & Kashmir
(C) Sikkim (D) Assam

62. तेलंगाना राज्य के पालमपेट गाँव में स्थित "रामप्पा मंदिर", जिसे वर्ष 2021 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था, उसका निर्माण निम्नलिखित में से किस राजवंश के शासनकाल के दौरान किया गया था ?

(A) मुसुनुरी (B) बहमनी

(C) विजयनगर (D) काकतीय

"Ramappa Temple" located in Palampet village of Telangana state that was declared as UNESCO World Heritage Site in the year 2021, had been built during the rule of which of the following dynasties ?

(A) Musunuri (B) Bahmani

(C) Vijayanagara (D) Kakatiyan

63. भारतीय संघ के प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति भारत के संविधान के ______ के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।

The Prime Minister and the other Ministers of the Indian Union are appointed by the President under ______ of the Constitution of India.

(A) अनुच्छेद/Article 73 (B) अनुच्छेद/Article 72

(C) अनुच्छेद/Article 70 (D) अनुच्छेद/Article 75

64. "कुथु" भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में कूथमबलम मंदिर में प्रदर्शित एक सामाजिक-धार्मिक कला है ?

(A) सिक्किम (B) आंध्र प्रदेश

(C) केरल (D) तेलंगाना

"Koothu" is a socio-religious art performed in Koothambalam temple in which of the following State/UTs of India ?

(A) Sikkim (B) Andhra Pradesh

(C) Kerala (D) Telangana

65. "केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान" का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?

(A) मैसूरु, कर्नाटक (B) मुंबई, महाराष्ट्र

(C) भोपाल, मध्य प्रदेश (D) मानेसर, गुड़गाँव

The headquarters of "Central Institute of Indian Languages" is situated at which of the following places ?

(A) Mysuru, Karnataka

(B) Mumbai, Maharashtra

(C) Bhopal, Madhya Pradesh

(D) Manesar, Gurgaon

66. "रासायनिक हथियारों का निषेध संगठन" (OPCW) में कितने सदस्य राष्ट्र हैं ?

How many member states are there in the "Organisation for the Prohibition of Chemical Weapons" (OPCW) ?

(A) 195 (B) 194 (C) 203 (D) 193

67. निम्नलिखित में से कौन मालदीव की आधिकारिक भाषा है ?

(A) दारी (B) ज़ोंगखा

(C) मलयालम (D) दिवेही

Which of the following is an official language of the Maldives ?

(A) Dari (B) Dzongkha

(C) Malayalam (D) Divehi

68. "पुला" निम्नलिखित में से किस देश की राष्ट्रीय मुद्रा है ?

(A) बोत्सवाना (B) कंबोडिया

(C) म्यांमार (D) पोलैंड

The "Pula" is the national currency of which of the following countries ?

(A) Botswana (B) Cambodia

(C) Myanmar (D) Poland

69. "पेरुंगदाई" कोंगु वेलिर द्वारा लिखित महाकाव्य कृति है । यह भारत के निम्नलिखित में से किस साहित्य से संबंधित है ?

(A) तेलुगु साहित्य (B) तमिल साहित्य

(C) कन्नड़ साहित्य (D) मलयालम साहित्य

"Perungadai" is a work of epic proportion by Kongu Velir. It belongs to which of the following literature of India ?

(A) Telugu Literature

(B) Tamil Literature

(C) Kannada Literature

(D) Malayalam Literature

70. भारत सरकार द्वारा वर्ष 1967 में निम्नलिखित में से किस वीरता पुरस्कार का नाम बदलकर "शौर्य चक्र" कर दिया गया ?

(A) अशोक चक्र वर्ग - I

(B) अशोक चक्र वर्ग -II

(C) अशोक चक्र वर्ग -III

(D) महावीर चक्र

Which of the following gallantry awards was renamed as "Shaurya Chakra" in the year 1967 by Government of India ?

(A) Ashoka Chakra Class-I

(B) Ashoka Chakra Class-II

(C) Ashoka Chakra Class-III

(D) Mahavir Chakra

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. सं. 71 – 75)

समाज की विषमता शोषण की जननी है । समाज में जितनी विषमता होगी, सामान्यतया शोषण उतना ही अधिक होगा । चूँकि हमारे देश में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक असमानताएँ अधिक हैं जिसकी वजह से एक व्यक्ति एक स्थान पर शोषक तथा वही दूसरे स्थान पर शोषित होता है । जब बात उपभोक्ता संरक्षण की हो तब पहला प्रश्न यह उठता है कि उपभोक्ता किसे कहते हैं ? या उपभोक्ता की परिभाषा क्या है ? सामान्यतः उस व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उपभोक्ता कहा जाता है जो सीधे तौर पर किन्हीं भी वस्तुओं अथवा सेवाओं का उपयोग करते हैं । इस प्रकार सभी व्यक्ति किसी-न-किसी रूप में उपभोक्ता होते हैं और शोषण का शिकार होते हैं ।

हमारे देश में ऐसे अशिक्षित, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल अशक्त लोगों की भीड़ है जो शहर की मलिन बस्तियों में, फुटपाथ पर, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे, गंदे नालों के किनारे झोंपड़ी डालकर अथवा किसी भी अन्य तरह से अपना जीवन-यापन कर रहे हैं । वे दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देशों की समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित हैं, जिन्हें आधुनिक सफ़ेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग ने मिलकर बाँट लिया है । सही मायने में शोषण इन्हीं की देन है । सरकार कितनी भी योजनाएँ बना कर लागू करे, कोई बड़ा परिवर्तन संभव नहीं है ।

उपभोक्ता शोषण का तात्पर्य केवल उत्पादकता व व्यापारियों द्वारा किए गए शोषण से ही लिया जाता है जबकि इसके क्षेत्र में वस्तुएँ एवं सेवाएँ दोनों ही सम्मिलित हैं, जिनके अंतर्गत डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, ऊँचे ओहदों पर बैठे सरकारी कर्मचारी, वकील आदि सभी आते हैं । इन सबने शोषण के क्षेत्र में जो कीर्तिमान बनाए हैं वे वास्तव में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने लायक हैं । कानून के हाथ कितने भी लम्बे हों, इन सभी तक नहीं पहुँच सकते क्योंकि रक्षक जब भक्षक बन जाए तो कौन बचाए ? भ्रष्टाचार सभी की जड़ों में पहुँचा हुआ है – ऊपर से नीचे या नीचे से ऊपर । क्या कभी इन लोगों के अच्छे दिन आएँगे ?

दूसरी ओर किसी तरह अपनी इज़्ज़त-आबरू बचाता मध्यम वर्ग है जो न तो किसी पार्टी के वोट बैंक में है और न ज़्यादा पढ़ा-लिखा संपन्न । न सरकार उसकी परेशानियों को समझती है और न कोई अन्य राजनैतिक पार्टी । जिनको सरकारी पेंशन नहीं मिलती, ऐसे बड़े-बूढ़े लाचार लोगों की स्थिति और भी ख़राब है । न तो उनकी संस्कार-विहीन संतान उनका ध्यान रखने को तैयार है और न सरकार उनके लिए कुछ सोच पा रही है । क्या इस विषमता को हटाने की दिशा में कोई कदम उठाया जा रहा है ? क्या पढ़े-लिखे नौजवानों को उपयुक्त रोज़गार दिए जाने की दिशा में कुछ हो रहा है ? क्या होगा इस देश का, भगवान ही जानता है ।

71. हमारे देश में समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग कौन सा है ?
(A) सरकारी पेंशन विहीन वयोवृद्ध जनों का वर्ग
(B) किसी तरह अपनी इज़्ज़त-आबरू बचाता समाज का मध्यम वर्ग
(C) मलिन बस्तियों, फुटपाथ, सड़क तथा रेलवे लाइन के किनारे झोंपड़ी डालकर रहने वाले अशिक्षित, दुर्बल और अशक्त लोगों का वर्ग
(D) आधुनिक सफ़ेदपोशों, व्यापारियों, नौकरशाहों एवं तथाकथित बुद्धिजीवी लोगों का वर्ग

72. लेखक के अनुसार शोषण का शिकार कौन लोग होते हैं ?
(A) पढ़े-लिखे उपयुक्त रोज़गार विहीन नवयुवकगण
(B) वस्तु एवं सेवाओं का उपयोग करने वाला उपभोक्ता समूह
(C) उत्पादकता से जुड़ा व्यापारी मंडल
(D) नौकरशाह एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग

73. समाज के मध्यम वर्ग की कौन सी समस्या है ?
(A) गरीब और श्रमिक वर्ग से सम्बंधित
(B) उच्च शिक्षित और धनाढ्य
(C) घर का हर सदस्य मजदूरी करने के लिए विवश
(D) जीवन-यापन में आर्थिक परेशानी से सामाजिक प्रतिष्ठा पर खतरा

74. समाजोपयोगी ऊर्ध्वमुखी योजनाओं से वंचित वर्ग के शोषण के लिए कौन उत्तरदायी हैं ?
(A) राजनेता, व्यापारी वर्ग, सरकारी तंत्र एवं तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग
(B) समाज के धर्मपरायण, पंडित और कथावाचक लोग
(C) समाज का मध्यम वर्ग और उच्च वर्ग
(D) शिक्षित एवं संपन्न नौकरीपेशा वर्ग

75. 'शैक्षणिक' और 'सांस्कृतिक' शब्द किस व्याकरणिक इकाई से सम्बंधित हैं और किस प्रत्यय से मिलकर बने हैं ?
(A) संज्ञा और विशेषण शब्द – अ प्रत्यय
(B) विशेषण और संज्ञा शब्द –णिक और तिक प्रत्यय
(C) विशेषण और विशेषण शब्द –इक प्रत्यय
(D) संज्ञा और संज्ञा शब्द –अणिक और अतिक प्रत्यय

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र. सं. 76-80)

भारत प्राचीन संस्कृति का देश है । यहाँ दान पुण्य को जीवन-मुक्ति का अनिवार्य अंग माना गया था । जब दान देने को धार्मिक कृत्य मान लिया गया तो निश्चित तौर पर दान लेने वाले भी होंगे । हमारे समाज में भिक्षावृत्ति की ज़िम्मेदारी समाज के धर्मात्मा, दयालु व सज्जन लोगों की है । भारतीय समाज में दान लेना व दान देना-दोनों धर्म के अंग माने गए हैं । पहले दान देने से पूर्व दान लेने वाले की पात्रता देखी जाती थी और योग्य पात्र को दान दिया जाता था । धर्मशास्त्रों ने दान की महिमा का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जिसके

कारण भिक्षावृत्ति को भी धार्मिक मान्यता मिल गई। धीरे-धीरे दान -दाताओं ने पात्रता पर ध्यान देना बंद कर दिया और दयावश निरीह, अपाहिज और गरीबों को दान दिया जाने लगा। शनैः-शनैः समाज में और मूल्यों में बदलाव आया और अधिकतर लोग गरीबों, ब्राह्मणों और भिखारियों को दान का पात्र समझने लगे। समाज में जब इस प्रकार के परिवर्तन हुए तो धीरे-धीरे लोगों ने भिक्षा को अपनी जीविका ही बना लिया। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगे। काम न मिलने से भी भिक्षावृत्ति को बल मिला और पूजा-स्थल, तीर्थ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गली-मुहल्ले आदि स्थानों पर हर जगह भिखारी दिखाई देने शुरू हो गए। इस कार्य में हर आयु के व्यक्ति शामिल होने लग गए। साल-दो साल के दूध मुँहे बच्चे से लेकर अस्सी-नब्बे वर्ष के बूढ़े तक को भीख माँगते देखा जा सकता है। आज तो भीख माँगने का भी एक कलापूर्ण व्यवसाय बनता जा रहा है।

कुछ खानदानी भिखारी होते हैं क्योंकि पुश्तों से उनके पूर्वज धर्मस्थानों पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं। कुछ अपराधी बच्चों को उठा ले जाते हैं तथा उनसे भीख मँगवाते हैं। वे इतने निर्दय होते हैं कि भीख माँगने के लिए बच्चों का अंग-भंग भी कर देते हैं। कुछ भिखारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। इसके अलावा अनेक श्रेणी के और भी भिखारी होते हैं। कुछ भिखारी परिस्थिति से बनते हैं तो कुछ बना दिए जाते हैं। कुछ शौकिया भी इस व्यवसाय में आ गए हैं। जन्मजात भिखारी अपने स्थान निश्चित रखते हैं। कुछ भिखारी अपनी आमदनी वाली जगह दूसरे भिखारी को किराए पर देते हैं। बेरोजगारी और गरीबी के कारण कुछ वयोवृद्ध मज़बूरीवश भिखारी बनते हैं। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगते हैं। काम न मिलना भी भिक्षावृत्ति को जन्म देता है। कुछ अपराधी बाकायदा इस काम की ट्रेनिंग देते हैं। भीख रोकर, गाकर, आँखें दिखाकर या हँसकर भी माँगी जाती है। भीख माँगने के लिए इतना आवश्यक है कि दाता के मन में करुणा जगे। अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर दाता करुणामय होकर भीख देने के लिए बाध्य हो जाता है।

क्या भिक्षावृत्ति देश की एक समस्या नहीं है ? गरीबों और निर्बलों को छोड़कर कई पढ़े-लिखे और हट्टे-कट्टे भी इस वृत्ति को अपनाए हुए हैं। क्या सरकार को इस दिशा में कुछ करने की आवश्यकता नहीं है ? क्या हम लोग इन भिखारियों को करुणावश भीख दे रहे हैं ? थोड़ा सोचिए, क्या हम भी इस वृत्ति को बढ़ावा तो नहीं दे रहे हैं। अगर दान ही करना है तो गरीबों को पुस्तकें, पाठ्य-सामग्री दें। गरीबों और बीमारों को दवाएँ और अस्पताल की सुविधाएँ दिलाएँ। इन लोगों को भीख के स्थान पर रोजगार की व्यवस्था कराएँ। नकद देना बंद करें। भीख माँगने वालों को खाना खिलाएँ पर कभी उन्हें नकद पैसे न दें। अगर जनता और सरकार दोनों मिलकर काम करें और भीख माँगने वालों को पुलिस के हवाले करना शुरू कर दें, तो इस पर काबू पाया जा सकता है।

76. क्या भिक्षावृत्ति देश की एक समस्या है ? आपका इस विषय में क्या विचार है ?
(A) भिक्षावृत्ति समस्या नहीं है क्योंकि दान-पुण्य तो भारतीय संस्कृति का एक धार्मिक कृत्य है।
(B) भिक्षावृत्ति देश की समस्या को हल करती है, क्योंकि गरीबों, अपंगों और बेरोजगारों की जीविका इससे ही चल रही है।
(C) भिक्षावृत्ति देश की एक ज्वलंत समस्या बन गई है क्योंकि लोग इसको जानबूझकर अपना व्यवसाय बना रहे हैं।
(D) भिक्षावृत्ति में लोग स्वेच्छया दान दे रहे हैं इसलिए इसको समस्या नहीं माना जा सकता।

77. विभिन्न स्थलों पर लोग भीख देने के लिए क्यों बाध्य हो जाते हैं ?
(A) भिखारी लोगों के पीछे लग जाते हैं और उन्हें भीख देने के लिए बाध्य कर देते हैं।
(B) अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर लोग भीख देने के लिए बाध्य हो जाते हैं।
(C) धार्मिक स्थलों पर लोग दान-पुण्य की भावना से जाते हैं और कंगाल भिखारियों को दान के रूप में भीख देते हैं।
(D) लोगों के पास अन्याय, अनीति और चोरी का पैसा होता है और दान देकर वे अपनी आत्मा पर रखे बोझ को कम करते हैं।

78. भीख न देकर भी दूसरों की मदद करने के लिए कौन सा विकल्प सही नहीं है ?
(A) गरीबों और निर्बलों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था करके मदद करना।
(B) पैसे देकर किसी भिखारी को रोजगार-धंधे के लिए प्रेरित करके मदद करना।
(C) गरीबों के बच्चों के स्कूल में फीस जमा कराके और पुस्तकें और अन्य पाठ्य-सामग्री देकर मदद करना।
(D) रोगियों को चिकित्सा सुविधा दिलाकर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से परिचित कराके मदद करना।

79. दान-पुण्य और जीवन-मुक्ति में कौन से समास हैं ?
(A) तत्पुरुष और द्वंद्व (B) द्वंद्व और तत्पुरुष
(C) कर्मधारय और द्वंद्व (D) द्वंद्व और अव्ययीभाव


80. खानदानी भिखारी कैसे होते हैं ?
(A) जो खुद भीख न माँगकर अपने स्थान को दूसरे किसी भिखारी को भीख माँगने के लिए भाड़े पर दे देते हैं।
(B) जो छोटे बच्चों के अंग-भंग करके उनसे जबरदस्ती भीख मँगवाते हैं।
(C) जिनकी भीख माँगने की ज़गह पुश्तैनी है और पीढ़ियों से निश्चित है।
(D) जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं।



1299

**प्र. 81-85 :** दिया गया लाइन ग्राफ डेटा इंटरप्रिटेशन चार्ट लगातार तीन वर्षों 2020, 2021 और 2022 के दौरान छह अलग-अलग शहरों कोलकाता, पटना, धनबाद, रांची, आसनसोल और गया में छह स्टोर से जूते की बिक्री (हजारों में) दिखाता है ।

**Q. 81-85 :** The given Line graph Data Interpretation Chart shows the sales of shoes (in thousands) from six stores in six different cities Kolkata, Patna, Dhanbad, Ranchi, Asansol and Gaya during three consecutive years 2020, 2021 and 2022 :




**81.** तीन वर्षों के लिए पटना स्टोर की कुल बिक्री का तीन वर्षों के लिए आसनसोल स्टोर की कुल बिक्री से अनुपात क्या है ?

What is the ratio of the total sales of Patna store for three years to the total sales of Asansol store for three years ?

(A) 190/325 (B) 380/640 (C) 30/61 (D) 172/189

**82.** गया स्टोर और पटना स्टोर पर मिलाकर तीन वर्षों में जूतों की बिक्री की कुल संख्या, तीन वर्षों में धनबाद स्टोर और रांची स्टोर पर मिलाकर कुल बिक्री का लगभग कितना प्रतिशत है ?

Total number of shoes sales on Gaya store and Patna store together for three years is approximately what percent of the total sales of Dhanbad store and Ranchi store together for three years ?

(A) 72.23% (B) 76.75% (C) 80.51% (D) 86.81%

**83.** 2021 में कोलकाता स्टोर, पटना स्टोर और धनबाद स्टोर पर जूते की औसत बिक्री का कितना प्रतिशत, 2022 में रांची स्टोर, आसनसोल स्टोर और गया स्टोर पर जूते की औसत बिक्री है ?

What percent of the average sales of shoes on Kolkata store, Patna store and Dhanbad store in 2021 is the average sales of shoes on Ranchi store, Asansol store and Gaya store in 2022 ?

(A) 86.12 % (B) 77.5 %
(C) 129.03 % (D) 93.94 %

**84.** वर्ष 2020 के लिए सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री का वर्ष 2021 के लिए सभी स्टोर के जूतों की औसत बिक्री से अनुपात क्या है ?

What is the ratio of average sales of shoes of all the stores for the year 2020 to average sales of shoes of all the stores for the year 2021 ?

(A) 45/59 (B) 24/43
(C) 121/253 (D) 122/216

**85.** तीन वर्षों में कोलकाता स्टोर, पटना स्टोर और रांची स्टोर की जूतों की बिक्री की कुल संख्या कितनी है ?

What is the total number of shoes sales of Kolkata store, Patna store and Ranchi store together for three years ?

(A) 1140 (B) 1250 (C) 1650 (D) 1820

**प्र. 86-90 :** एक टैंक से पाँच इनलेट पाइप (A, B, C, D, और E) और पाँच आउटलेट पाइप (P, Q, R, S और T) जुड़े हुए हैं । पहला पाई-चार्ट प्रत्येक इनलेट पाइप द्वारा भरे गए टैंक के प्रतिशत को दर्शाता है जब सभी इनलेट पाइप एक साथ खोले जाते हैं और दूसरा पाई-चार्ट प्रत्येक आउटलेट पाइप द्वारा खाली किए गए टैंक के प्रतिशत को दर्शाता है जब सभी आउटलेट पाइप एक साथ खोले जाते हैं ।

टैंक की कुल क्षमता = 1000 लीटर

सभी इनलेट पाइप एक साथ खोलने पर टैंक भरने में लगा समय = 2 मिनट

सभी आउटलेट पाइप एक साथ खोलने पर टैंक को खाली करने में लगा समय = 1.6 मिनट


**Q. 86-90 :** There are five inlet pipes (A, B, C, D and E) and five outlet pipes (P, Q, R, S and T) connected to a tank. The first pie-chart represents the percentage of the tank filled by each inlet pipe when all the inlet pipes are opened together and the second pie-chart represents the percentage of the tank emptied by each outlet pipe when all the outlet pipes are opened together.

Total capacity of the tank = 1000 litres


Time taken to fill the tank when all the inlet pipes are opened together = 2 minutes

Time taken to empty the tank when all the outlet pipes are opened together = 1.6 minutes

भरे गए टैंक का प्रतिशत
**Percentage of Tank Filled**




खाली किए गए टैंक का प्रतिशत
**Percentage of Tank Emptied**




**86.** यदि पाइप A, B, D, R और S को एक साथ खोल दिया जाए तो टैंक को भरने में लगने वाला अनुमानित समय ज्ञात कीजिए ।

Find the approximate time taken to fill the tank if pipes A, B, D, R and S are opened together.

(A) 18 मिनट/minutes (B) 15 मिनट/minutes
(C) 9.2 मिनट/minutes (D) 6.67 मिनट/minutes

MN2

87. टैंक को भरने में अकेले पाइप C द्वारा लिए गए समय और अकेले पाइप D द्वारा लिए गए समय के योग का टैंक को खाली करने में अकेले पाइप R द्वारा लिए गए समय और अकेले पाइप T द्वारा लिए गए समय के योग से अनुपात ज्ञात कीजिए ।
Find the ratio of the sum of the time taken by pipe C alone and time taken by pipe D alone to fill the tank to the sum of the time taken by pipe R alone and time taken by T alone to empty the tank.
(A) 8:15 (B) 7:9 (C) 16:17 (D) 9:13

88. पाइप B और C द्वारा एक साथ टैंक को भरने में लिया गया समय पाइप A, D और E द्वारा एक साथ भरने में लगे समय से लगभग कितने मिनट अधिक है ?
(A) 3.5 मिनट (B) 1.67 मिनट
(C) 2.89 मिनट (D) 4.2 मिनट
The time taken by pipes B and C together to fill the tank is approximately how many minutes more than the time taken by pipes A, D and E together ?
(A) 3.5 minutes (B) 1.67 minutes
(C) 2.89 minutes (D) 4.2 minutes

89. पाइप P और R द्वारा एक साथ टैंक खाली करने में लिए गए समय का पाइप Q, S और T द्वारा एक साथ टैंक खाली करने में लिए गए समय से अनुपात क्या होगा ?
What will be the ratio of the time taken by pipes P and R together to empty the tank to the time taken by pipes Q, S and T together to empty the tank ?
(A) 5:11 (B) 11:8 (C) 11:14 (D) 14:11

90. यदि सभी इनलेट पाइप और आउटलेट पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ तो पूरा टैंक खाली होने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए ।
If all the inlet pipes and the outlet pipes are opened together then find the time taken to empty the full tank.
(A) 8 मिनट/minutes (B) 5 मिनट/minutes
(C) 12 मिनट/minutes (D) 20 मिनट/minutes

प्र. 91-95 : तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :
तालिका 1, 2020 में 5 देशों के कच्चे तेल के उत्पादन, निर्यात और आयात को दर्शाती है, जबकि तालिका 2, 2020 से 2022 तक कच्चे तेल के उत्पादन, निर्यात और आयात में प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है । तालिकाओं का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें ।
नोट : खपत = उत्पादन + आयात – निर्यात

Q 91-95 : Study the table charts carefully and answer the questions given below :
Table 1 shows the Production, Export and Import of crude oil of 5 countries in 2020 while Table 2 shows the percentage increase in Production, Export and Import of crude oil from 2020 to 2022. Study the tables and answer the questions :
**Note** : Consumption = Production + Import – Export

तालिका/Table 1 :

| देश / Country | उत्पादन / Production | निर्यात / Export | आयात / Import |
|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान / Afghanistan | 2100 | 600 | 400 |
| बांग्लादेश / Bangladesh | 1400 | 400 | 300 |
| भूटान/Bhutan | 2000 | 800 | 400 |
| भारत/India | 2200 | 600 | 500 |
| मालदीव/Maldives | 700 | 500 | 1300 |

तालिका/Table 2 :

| देश / Country | उत्पादन / Production | निर्यात / Export | आयात / Import |
|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान / Afghanistan | 20% | 15% | 18% |
| बांग्लादेश / Bangladesh | 25% | 24% | 22% |
| भूटान / Bhutan | 25% | 25% | 20% |
| भारत / India | 22% | 20% | 15% |
| मालदीव / Maldives | 24% | 25% | 22% |

91. 2020 में प्रत्येक पाँच देशों में कच्चे तेल की औसत खपत क्या है ?
What is the average consumption of crude oil in each of the five countries in 2020 ?
(A) 1200 (B) 1680 (C) 2200 (D) 2400

92. 2022 में प्रत्येक पाँच देशों में कच्चे तेल की औसत खपत क्या है ?
What is the average consumption of crude oil in each of the five countries in 2022 ?
(A) 512 (B) 1024 (C) 2054 (D) 1568

93. 2020 में पाँचों देशों का एक साथ निर्यात-आयात अनुपात क्या है ?
What is the export to import ratio of the 5 countries together in 2020 ?
(A) 213/60 (B) 175/13
(C) 1 (D) 13/175

94. 2020 से 2022 तक कच्चे तेल की खपत में प्रतिशत वृद्धि निम्नलिखित में से किस देश में सबसे अधिक है ?
(A) अफगानिस्तान (B) बांग्लादेश
(C) भूटान (D) मालदीव
The percentage increase in the crude oil consumption from 2020 to 2022, is highest for which among the following countries ?
(A) Afghanistan (B) Bangladesh
(C) Bhutan (D) Maldives

95. 2022 में, निम्नलिखित देशों में से किस देश का आयात-खपत अनुपात सबसे अधिक था ?
(A) अफगानिस्तान (B) बांग्लादेश
(C) भूटान (D) मालदीव
In 2022, which country's import to consumption ratio was highest among the following countries ?
(A) Afghanistan (B) Bangladesh
(C) Bhutan (D) Maldives

**प्र. 96-100 : निम्नलिखित तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :**

अक्षय के पास 5000 लीटर शुद्ध दूध है। वह कुल दूध का 40% छह अलग-अलग व्यक्तियों (A,B,C,D,E,F) को बेचता है और कुल दूध का शेष 60% वह अपनी दुकान में उपयोग करता है। प्रत्येक व्यक्ति, A, B, C, D, E और F शुद्ध दूध में पानी मिलाते हैं। नीचे दी गई तालिका अक्षय द्वारा छह अलग-अलग व्यक्तियों को बेचे गये दूध की कुल बिक्री को प्रतिशत के रूप में दर्शाती है और यह छह व्यक्तियों में से प्रत्येक द्वारा शुद्ध दूध में पानी मिलाने के बाद पानी की सांद्रता को भी दर्शाती है।

**Q. 96-100 :** Study the following table chart carefully and answer the questions given below :

Akshay has 5000 litres of pure milk. He sells 40% of the total milk to six different persons (A, B, C, D, E, F) and the remaining 60% of total milk he utilizes in his own shop. Each person, A, B, C, D, E and F mixes water in pure milk. The table given below shows the sales of milk to six different persons by Akshay as a percentage of total sales and it also shows the concentration of water after adding water in pure milk by each of the six persons.

| व्यक्ति / Person | दूध की बिक्री / Sales of Milk | पानी की सांद्रता (शुद्ध दूध में पानी मिलाने के बाद) / The concentration of water (After adding water in pure milk) |
|---|---|---|
| A | 20% | 20% |
| B | 10% | 10% |
| C | 10% | 15% |
| D | 10% | 18% |
| E | 30% | 25% |
| F | 20% | 12% |

96. व्यक्ति A और व्यक्ति C द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा के बीच क्या अंतर है ? (लगभग)
What is the difference between the total quantity of water added by Person A and that of Person C ? (approximately)
(A) 56 लीटर/litres (B) 65 लीटर/litres
(C) 73 लीटर/litres (D) 75 लीटर/litres

97. व्यक्ति C द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा और व्यक्ति E द्वारा मिलाए गए पानी की कुल मात्रा का संबंधित अनुपात क्या है ?
What is the respective ratio of the total quantity of water added by Person C and the total quantity of water added by Person E ?
(A) 8 : 34 (B) 81 : 287
(C) 83 : 285 (D) 3 : 17

98. निम्नलिखित में से किसने शुद्ध दूध में सबसे कम मात्रा में (लीटर में) पानी मिलाया ?
Who among the following added least quantity (in litres) of water in pure milk ?
(A) B (B) C (C) D (D) F

99. मान लीजिए, A, B और C अपने घोल को एक पात्र में मिलाते हैं तो नए घोल में दूध की सांद्रता क्या होगी ? (लगभग)
Suppose, A, B and C mix their solutions in one vessel then what would be the concentration of milk in the new solution ? (approximately)
(A) 75.2% (B) 78.21%
(C) 83.55% (D) 89.65%

100. सभी व्यक्तियों द्वारा मिलाकर कुल कितने लीटर पानी मिलाया गया ? (लगभग)
How many total litres of water was added by all the persons together ? (approximately)
(A) 469 (B) 450 (C) 456 (D) 478